औरैया पुलिस

प्रेस-नोट **दिनांकः-09.06.2026**

थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार व एक बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल व छीना हुआ एक मोबाइल एवं 02 अदद तमंचा .315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर घटना का सफल अनावरण किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना दिबियापुर पर श्री सत्यम तिवारी पुत्र श्री संतोष तिवारी निवासी गपकापुर मढ़ैया थाना दिबियापुर जनपद औरैया द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 05.06.2026 को फफूंद चौराहे से गुंजन चौराहे की तरफ जाते समय ओवरब्रिज से उतरते ही उसके मोबाइल फोन को एक अपाचे मोटर साईकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा झपट्टा मारकर छीन लिया गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 215/26 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत हुआ उपरोक्त घटना का शीघ्र अनावरण हेतु थाना स्थानीय से टीम गठन किया गया था । जिसके क्रम में आज दिनांक 09.06.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक औरैया द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर 02 नफर वांछित अभियुक्तगण व एक नफर बाल अपचारी को पाता रोड से समय करीब 02.05 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया अभियुक्तगण व बाल अपचारी उपरोक्त के कब्जे से दो अदद देशी तमंचा .315 बोर नाजायज व 03 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल नम्बर UP79Q1980 व छीना हुआ मोबाइल REDMI NOTE14 PRO + 5G बरामद किया गया तथा अभियुक्त विशाल उपरोक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा .315 बोर नाजायज व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभियुक्त सूरज बाल्मीकि उपरोक्त के कब्जे से बरामद एक अदद देशी तमंचा .315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 217/2026 धारा 3/25 आयुध अधि0 बनाम विशाल व मु0अ0सं0 218/2026 धारा 3/25 आयुध अधि0 बनाम सूरज बाल्मीकि पंजीकृत कर पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण-

1.विशाल पुत्र राजू कश्यप निवासी मोहल्ला इन्द्रानगर न्यू वस्ती थाना दिवियापुर जनपद औरैया उम्र 19 वर्ष

2.सूरज वाल्मीक पुत्र विजय निवासी मोहल्ला इन्द्रानगर नई वस्ती (भट्टा वस्ती) थाना दिवियापुर जनपद औरैया उम्र करीब 19 वर्ष

3.एक नफर बाल अपचारी

अनावरित अभियोग-

01.मु0अ0स0 215/26 धारा 304(2)/317(2) भारतीय न्याय संहिता थाना दिबियापुर जनपद औरैया

बरामदगी-

1. दो अदद देशी तमंचा .315 बोर
2.तीन अदद जिंदा कारतूस .315 बोर
3.घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल नम्बर UP79Q1980
4.छीना हुआ मोबाइल REDMI NOTE14 PRO + 5G

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार
2.उ0नि0 श्री नेम सिह
3.का0 1138 विकास यादव
4.का0 996 प्रवीण कुमार